-: एक नजर :-

## हरित सहकार अभियान में किया पौधारोपण



**छैगांव माखन।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था छैगांव माखन में हरित सहकार अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर समिति परिसर में वृक्षारोपण किया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सोसायटी अध्यक्ष मदन सिंह तंवर ने पौधरोपण किया। उन्होंने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ का संदेश दिया, जिसमें सभी से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया गया। इसी के साथ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छैगांव माखन ,चमाटी,आवलिया,पोखर,बरुड,धनगांव, हरसवाडा समितियों में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कल्पना खंडेलवाल, संस्था प्रबन्धक मिश्रीलाल पटेल, ओमप्रकाश गंगराड़े, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, रविन्द्र पाटीदार,अमित लाड मांगीलाल पटेल तुलसीराम पटेल सहित स्टाफ सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

## अखिल भारतीय महिला मंडल परिषद का निर्विरोध चुनाव



**खंडवा।** अखिल भारतीय महिला मंडल परिषद के गठन के लिए आयोजित बैठक श्रीमती चंचल छाबड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। समाज के प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के तहत श्रीमती सुधा सेठी को अध्यक्ष, श्रीमती शांति बैनाड़ा को उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता रावका को सचिव, श्रीमती चिंता बोहरा को कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती सुनीता पाटनी को सांस्कृतिक मंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं और शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिला मंडल परिषद धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सेवा, संस्कार और महिला सशक्तिकरण के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। बैठक का समापन समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि तथा धार्मिक मूल्यों के संवर्धन की मंगलकामना के साथ हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने महिला हितों और धार्मिक-सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, वीरेंद्र भटयाण, सचिव नितिन जैन, सुनील जैन, राजेंद्र छाबड़ा, प्रेमांशु चौधरी, पंकज छाबड़ा, तरुण गंगवाल, सुमित सेठी, विजय सेठी, अविनाश जैन, कैलाश पहाड़िया, सुधांशु चौधरी, पंकज जैन, प्रेमांशु जैन अधिवक्ता, तरुण जैन सहित संचालक मंडल के पदाधिकारियों ने नई महिला टीम को शुभकामनाएं दीं।

## प्रियंक कानूनगो का जैन समाज ने किया सम्मान




**खंडवा।** जैन संतों और आर्यिकाओं की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में कार्रवाई प्रतिवेदन मांगा है। सकल जैन समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि रीवा में विहार के दौरान एक जैन आर्यिका माताजी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जैन संतों के लिए विशेष सुरक्षा, सुरक्षित विश्राम व्यवस्था और विहार मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।शुक्रवार रात महादेवगढ़ में आयोजित नर्मदा चिंतन एवं मानवाधिकार विषयक गोष्ठी में सकल जैन समाज ने प्रियंक कानूनगो का शाल, मोतियों की माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान समाजजनों ने देशभर में विहार करने वाले जैन संतों और साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई।

## महिला संबंधी अपराधों के लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण



**खंडवा।** महिला संबंधी अपराधों की जांच को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस द्वारा शुक्रवार को महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता लाने तथा थाना स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, सीएसपी अभिनव बारंगे, डीएसपी मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, डीएसपी एजेके महेश दुबे, महिला थाना प्रभारी सुलोचना गेहलोत, एजेके थाना प्रभारी सुनीता भलराय सहित महिला अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान पॉक्सो एक्ट, महिला ऊर्जा डेस्क, काउंसलिंग डेस्क, साइबर अपराध एवं जागरूकता, महिलाओं के अधिकार तथा महिला संबंधी अपराधों की प्रभावी विवेचना से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने महिला पुलिसकर्मियों को थाना स्तर के दैनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# कॉम्बिंग गश्त में 142 फरार आरोपी दबोचे

### गुंडे-बदमाशों के ठिकानों पर दी दबिश



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कप्तान अगम जैन के निर्देश पर शनिवार सुबह पूरे जिले में एक साथ विशेष धरपकड़ अभियान चलाया गया। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जिले भर के अपराधियों और वारंटियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 1 से 2 साल से फरार चल रहे कुल 142 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। एसपी के आदेश मिलते ही सभी थानों की पुलिस टीमों ने अपने-अपने इलाकों में एक साथ घेराबंदी शुरू की।

इस दौरान गंभीर अपराधों में फरार अपराधियों, स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों, निगरानी बदमाशों और जिला बदर अपराधियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई। इस अभियान के तहत पुलिस ने रिकॉर्ड कार्रवाई करते हुए 47 स्थाई वारंट, 89 गिरफ्तारी वारंट और 06 एनआई एक्ट के वारंट तामील कराए। सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए पंधाना पुलिस टीम ने 11 स्थाई और 15 गिरफ्तारी वारंट तामील कर कुल 26 आरोपियों को दबोचा और साथ ही 03 गुंडा बदमाशों को चेक किया। वहीं मोघट पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 06 स्थाई और 16 गिरफ्तारी वारंट कुल 22 आरोपियों को हिरासत में लिया। कोतवाली टीम ने भी कमाल का तालमेल दिखाते हुए 10 स्थाई वारंट, 10 गिरफ्तारी वारंट और 01 एनआई एक्ट वारंट कुल 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया, साथ ही 08 गुंडे-बदमाशों की कुंडली खंगाली। इसी तरह धनगांव पुलिस की टीम ने 3 स्थाई और 11 गिरफ्तारी वारंट तामील कर कुल 14 आरोपियों को पकड़ा, जबकि पिपलोद पुलिस ने 10, खालवा 9, नर्मदानगर पुलिस 7, मूंदी पुलिस टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा जिले के अन्य सभी थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में वारंट तामील कराते हुए गुंडा बदमाशों और जिला बदर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई।

### आबकारी एक्ट में कार्रवाई, 80 गुंडे-बदमाशों के रिकॉर्ड खंगाले

कॉम्बिंग गश्त के दौरान केवल वारंटियों की धरपकड़ ही नहीं हुई, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी चोट की गई। सुबह-सुबह चली इस चेकिंग के दौरान अवैध शराब का परिवहन और बिक्री करते पाए जाने पर पुलिस ने 4 व्यक्तियों के विरुद्ध 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की है। इसके साथ ही पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले भर में सक्रिय 80 सूचीबद्ध गुंडों और बदमाशों को सीधे उनके ठिकानों पर जाकर चेक किया और उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने की सख्त हिदायत दी।

## एक पेड़ मां के नाम...रोपे पौधे, सुरक्षा का संकल्प



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा/राई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र में हरियाली संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक विशेष साप्ताहिक अभियान का शंखनाद किया गया है। अभियान में अमलपुरा सेक्टर के ग्राम बडगालमाली, सतवाड़, सराई, राई और नीमखेड़ा में पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा शुरू हुआ। इस महा-अभियान में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों ने मिलकर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया और समाज को प्रकृति बचाने का संदेश दिया।

अभियान के दौरान जामुन, त्रिवेणी, आम, नीम और पीपल सहित कई औषधीय व छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। अभियान की मुख्य कड़ियों में ग्राम सतवाड़ा के मुक्तिधाम पर एक विशेष आयोजन हुआ। यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, मंडल अध्यक्ष श्याम फूलमाली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खुद फावड़ा थामकर श्रमदान किया और पौधारोपण किया। उपस्थित अतिथियों ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी तब तक देखभाल करें जब तक वह एक मजबूत वृक्ष न बन जाए। ग्राम राई और ग्राम सराई में उदय एकता सामाजिक विकास कल्याण समिति के विपत फूलमाली और प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने ग्रामीणों को पौधों का नि:शुल्क वितरण कर उन्हें घर-आंगन और खेतों की मेढ़ पर लगाने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर, ग्राम नीमखेड़ा में आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सीपा संस्था द्वारा वाटरशेड कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता शिविर और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# समृद्धि की पाठशाला का आयोजन




**नवभारत न्यूज़**

**पुनासा।** जल शक्ति मंत्रालय की सूक्ष्म सिंचाई आधारित कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) योजना के तहत पुनासा तहसील की गुड़ारिया और नेतनगांव वितरण शाखाओं के किसानों के लिए हाथिया बाबा मंदिर परिसर में समृद्धि की पाठशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली से आई केंद्रीय टीम ने किसानों को योजना की जानकारी दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के डायरेक्टर अशोक जैफ ने बताया कि भारत सरकार ने देश के 22 राज्यों के 38 स्थानों का चयन पायलट परियोजना के रूप में किया है, जिसमें पुनासा की गुड़ारिया और नेतनगांव शाखाएं भी शामिल हैं। गुड़ारिया शाखा की 2320 हेक्टेयर भूमि पर 46.02 करोड़ रुपये तथा नेतनगांव शाखा की 2387 हेक्टेयर भूमि पर 47.38 करोड़ रुपये की लागत से सिंचाई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना के तहत खुली नहरों के पानी को पाइपलाइन के माध्यम से दबावयुक्त प्रणाली से खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए सौर ऊर्जा आधारित पंप लगाए जाएंगे तथा मोबाइल एप के जरिए सिंचाई व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इससे किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिलेगा और वे साल में दो से तीन फसलें ले सकेंगे। किसानों के सवालों के जवाब में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि योजना के लिए किसी प्रकार का भूमि अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति भी बाधित नहीं होगी।

# आदिवासी संस्कृति कार्यक्रमों के लिए बनाई रूपरेखा



**खंडवा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने शनिवार को गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में आदिवासी विकास परिषद की टीम और आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ बैठक कर प्रस्तावित आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तथा आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उत्तमपाल सिंह पुरनी ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराएं और लोककलाएं देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रह सके। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया तथा अधिक से अधिक युवाओं और समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि बैठक में आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष कुंडल पटेल, संरक्षक अरविंद उइके, मांधाता विधानसभा अध्यक्ष उमेश देवड़ा पुरनी, पंधाना विधानसभा अध्यक्ष पूनम मंडलोई, सावन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन मौजूद रहे। सभी ने प्रस्तावित आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया।

### आंधी में गिरे पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**खंडवा।** छैगांवमाखन थाना क्षेत्र के ग्राम दोंदवाड़ा के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक सावन मालाकार की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। दोनों बड़वाह से खंडवा स्थित अपने घर लौट रहे थे। पुलिस और परिजनों के अनुसार, गणेश तलाई निवासी सावन मालाकार अपनी पत्नी के साथ बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान तेज आंधी के कारण हाईवे पर एक पेड़ गिर गया था। रात के अंधेरे में पेड़ दिखाई नहीं देने से बाइक सीधे उससे जा टकराई। टक्कर के बाद सावन सिर के बल सड़क पर गिरा और गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## दादाजी मंदिर निर्माण के लिए मकराना पहुंचे समिति सदस्य




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** दादाजी भगवान के आशीर्वाद से दादाजी धाम पर प्रस्तावित भव्य संगमरमर मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रथम चरण में मंदिर की लिंथ और नींव का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। मंदिर निर्माण समिति ने वर्ष 2030 में दादाजी की 100वीं वर्षगांठ तक मंदिर निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंदिर निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाले मकराना संगमरमर का उपयोग किया जाना है। इसके चयन और बुकिंग के लिए मंदिर निर्माण समिति के सदस्य, इंजीनियर और आर्किटेक्ट शनिवार को मकराना पहुंचे। समिति के सदस्य शुक्रवार शाम दादाजी धाम में दर्शन करने के बाद बस से रवाना हुए और शनिवार पूर्वाह्न मकराना पहुंचे।शनिवार को सदस्यों ने विभिन्न खदानों का निरीक्षण कर संगमरमर की गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त दरों की तुलना में वर्तमान कीमतों में आधे से अधिक की कमी देखने को मिली है। समिति रविवार को भी विभिन्न खदानों का निरीक्षण कर उपयुक्त संगमरमर का चयन और बुकिंग करेगी। सुनील जैन के अनुसार इस दौरे में ट्रस्टी धर्मेंद्र बजाज, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह, तपन डोंगरे, राकेश बंसल, भरत झंवर, मदन भाऊ ठाकरे, अखिलेश गुप्ता, सतीश कोटवाले, गणेश कनाडे, हिमांशु अग्रवाल, राजू पाटिल, भारत पटेल, इंजीनियर प्रतीक गुप्ता, आर्किटेक्ट नितिन सिंगला, नितिन श्रीमाली, वीरेंद्र त्रिवेदी और जितेंद्र त्रिवेदी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। समिति के सदस्य दो दिन तक मकराना में रुककर संगमरमर का चयन करेंगे और सोमवार को वापस लौटेंगे।

## बिना अनुमति जुलूस-धरना पर 5 अगस्त तक रोक

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के खंडवा, हरसूद, पंधाना, मूंदी और ओंकारेश्वर नगर क्षेत्रों में बिना 5 अगस्त तक बिना अनुमति जुलूस, धरना और प्रदर्शन के आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने रोक लगा दी है। आदेश के तहत किसी भी आयोजन के लिए 15 दिन पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। रैली और जुलूस की वीडियोग्राफी पुलिस के निर्देशन में कराना होगी, जिसका खर्च आयोजकों को वहन करना होगा। विभिन्न धार्मिक आयोजनों के दौरान खंडवा शहर को नो-ड्रोन जोन घोषित किया गया है। आदेश के उल्लंघन पर धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सायबर कैफे में सीसीटीवी और आईडी जांच अनिवार्य- जिले में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए सायबर कैफे संचालकों के लिए भी नए निर्देश जारी किए गए हैं। सभी सायबर कैफे में सीसीटीवी कैमरे लगाना और कम से कम एक माह तक रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों का विवरण और वैध लाइसेंस की प्रति संबंधित थाने में जमा करनी होगी। बिना पहचान पत्र के किसी व्यक्ति को कंप्यूटर उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा सभी सिस्टम में पोर्न साइट फिल्टर लगाना अनिवार्य रहेगा।

**किरायेदारों, नौकरों की सूचना देना जरूरी** - कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार होटल, लॉज और धर्मशालाओं में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पहचान पत्र लेना और उसकी जानकारी संबंधित थाने को दें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और भागवत कथा का आयोजन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम भिंगावा नानकारी स्थित रेवा गुर्जर धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनपद सदस्य सुनील पटेल ने पौधों का वितरण किया। इसके बाद धर्मशाला परिसर में उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सरपंच सुनील पटेल, संजय चौहान, बनवारी पाटिल, ओंकार पटेल, प्रमोद पटेल, दिनेश पटेल और कैलाश पटेल सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। भागवत कथा वाचक ब्रह्माकुमारी सविता दीदी के करकमलों से तथा पंधाना सेवा केंद्र प्रभारी सुरेखा दीदी, आरती बहन, कृष्णा बहन, रजनी बहन और चंदा बहन की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं सहयोगियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन ने आध्यात्मिकता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए हरित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण की प्रेरणा दी।

**शिक्षा** 21वीं सदी के कौशल और तकनीक पर विचार-विमार्श

# कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर मंथन

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सीबीएसई द्वारा आयोजित कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) विषयक जिला स्तरीय विवेचना (डी.एल.डी.) का सफल एवं गरिमामय आयोजन शनिवार को चयनित लीड स्कूल एंजेल्स प्लेनेट स्कूल, खंडवा में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने सहभागिता करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों तथा भविष्य की शिक्षा की दिशा पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

शुभारंभ विद्यालय की संगीत शिक्षिकाओं गीता आर्य एवं आयुषी पगारे द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक एवं मधुर गीत से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े विविध विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण में ए.आई. के प्रभावी उपयोग, विद्यार्थियों में समस्या-समाधान क्षमता, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता तथा 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने के उपायों पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही तकनीक आधारित शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी और छात्र-केंद्रित बनाने के विभिन्न आयामों पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने अपने अनुभवों और नवाचारों का आदान-प्रदान कर एक समृद्ध शैक्षणिक संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर सराहना समिति के सदस्य के रूप में समीरा बख्त (प्राचार्या, पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल, खंडवा), अंकित शुक्ला (सहायक प्राध्यापक, एसडीआईटीएस कॉलेज) एवं धीरज सपकाले (संस्थापक, प्राली टेक्नोलॉजीज एवं सहायक प्राध्यापक, श्री दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, खंडवा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में तकनीक आधारित शिक्षा केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने विद्यालय द्वारा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के सफल आयोजन की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर रितेश गोयल, प्रमोद पुरी, दर्पण सकलेचा एवं प्राचार्या डोना ईम्स प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा में नवाचार और तकनीक के समावेश को समय की मांग बताया। जिम्मेदारी और इस महत्वपूर्ण आयोजन की व्यवस्थाओं में अलग-अलग जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। संचालन ऋतु यादव ने किया। अंजलि कालकर ने सभी का आभार माना।